# असम अंतर्देशीय जल परिवहन परियोजना

## प्रीलिम्स के लिये:

असम अंतर्देशीय जल परिवहन परियोजना

## मेन्स के लिये:

परियोजना का महत्त्व

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में विश्व बैंक ने असम अंतर्देशीय जल परिवहन परियोजना (Assam Inland Water Transport -AIWT Project) के लिये 630 करोड़ रुपए के ऋण को मंज़ूरी दी।

## प्रमुख बिंदु:

- AIWT परियोजना की कुल लागत 770 करोड़ रुपए है जिसमे विश्व बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली कुल सहायता राशि 630 करोड़ रुपए है। परियोजना की शेष लागत राशि का वहन सरकार द्वारा किया जाएगा।
- विश्व बैंक द्वारा अपनी शाखा, इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (International Bank for Reconstruction and Development-IBRD) के माध्यम से प्रदान किये जाने वाले इस ऋण की परिपक्वता अवधि 14.5 वर्ष है जिसमें पाँच साल की छूट अवधि भी शामिल है।
- इस परियोजना का उद्देश्य ब्रह्मपुत्र और राज्य की अन्य नदियों पर यात्री नौका सेवाओं का आधुनिकीकरण तथा नौका सेवाओं के बुनियादी ढाँचे में सुधार करना है। इसके साथ ही इस योजना का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान देना है।
- इस परियोजना को गुवाहाटी और माजुली में शुरू किया जाएगा।
- यह परियोजना '**प्रकृति अभिप्रेरित निर्माण के सिद्धांत**' यानी 'Working with Nature' के सिद्धांत पर कार्य करेगी जिसका उद्देश्य नदी की प्राकृतिक प्रक्रियाओं के अनुरूप नई आधारिक संरचनाओं का निर्माण और मौजूदा संरचनाओं को पुनः स्थापित करना है।
- बेहतर नेविगेशन सहायता, उचित सुरक्षा गियर तथा उपयुक्त समुद्री इंजन के साथ, नौका सेवाओं को और अधिक विश्वसनीय एवं सुरक्षित बनाया जाएगा जिससे आधुनिक नौका टर्मिनलों के निर्माण में मदद मिलेगी।
- बेहतर डिज़ाइन एवं तकनीकी युक्त टर्मिनलों का विकास किया जाएगा जिससे आवागमन में आसानी होगी साथ ही टर्मिनल में उचित प्रकाश की व्यवस्था भी की जाएगी।
- जहाज़ों (नए और रेट्रोफिटेड) और नौका सेवाओं को प्रकृति के अनुकूल तथा और अधिक टिकाऊ बनाया जाएगा। साथ ही नए जहाज़ों को व्यक्तिगत सीटों और वॉशरूम सुविधा से सुसज्जित किया जाएगा। इनमें कम ओवरलोडिंग, समय सारणी और बेहतर चालक दल के मानकों को लागू किया जाएगा।

## परियोजना के लाभ:

- AIWTP परियोजना असम यात्री नौका के बुनियादी ढाँचे और सेवाओं को और बेहतर बनाने के साथ ही अंतर्देशीय जल परिवहन का संचालन करने वाले संस्थानों की क्षमता को मज़बूती प्रदान करेगी।
- यह परियोजना ब्रह्मपुत्र घाटी के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में हज़ारों यात्रियों को परिवहन का महत्त्वपूर्ण साधन प्रदान करेगी।
- असम में नौगम्य जलमार्गों का सबसे बड़ा नेटवर्क होने के कारण, यह परियोजना अंतर्देशीय जलमार्ग को परिवहन के रूप में मुख्य धारा से जोड़ने में मदद करेगी।
- यह परियोजना असम सरकार की नौका संचालन गतिविधियों को कारपोरेट रूप देने के प्रयासों को बढ़ावा देगी। इसमे असम शिपिंग कंपनी (Assam Shiping Compny-ASC) सरकारी नौका सेवाओं का संचालन करेगी तथा असम पोर्ट्स कंपनी (Assam Port Compny- APC) सार्वजनिक और निजी दोनों तरह के नौका सेवा ऑपरेटरों के उपयोग के आधार पर टर्मिनल एवं टर्मिनल सेवाएँ प्रदान करेगी।

**स्रोत: द इकोनोमिक टाइम्स**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/assam-inland-water-transport-project